



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना पर सवाल: सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े और आयोजन के बाद गंदगी ने छीनी आयोजन की गरिमा

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा / जुन्नारदेव,31 मई. जुन्नारदेव क्षेत्र के खापा स्वामी स्थित वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कन्हान स्टेडियम ग्राउंड में बीते 14 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम अव्यवस्था हो या खुलेआन घेरलू सिलेण्डर का इस्तेमाल हो ऐसे कई विवादों के घेरे में आ गया है।**

जहाँ एक ओर फर्जी जोड़ों के विवाह को लेकर बड़े घोटाले के संकेत मिल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आयोजन के बाद स्टेडियम को कचरे के ढेर में तब्दील करने से स्थानीय नागरिकों और खेल प्रेमियों में भारी आक्रोश है।

## अपात्रों का ब्याह:क्या योजना की गरिमा तार-तार?

इस आयोजन का सबसे शर्मनाक पहलू तब सामने आया, जब यह खुलासा हुआ कि योजना का लाभ उठाने के लिए ऐसे जोड़ों ने फिर से विवाह रचा लिया, जो पहले से ही विवाहित थे। 100 जोड़ों के इस आयोजन में पात्रता नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं। ज्ञात हो कि यह योजना केवल जरूरतमंद और अविवाहित युवक-युवतियों के लिए है, लेकिन यहाँ अपात्रों को खुलेआम लाभ बांटा गया। इस बड़े फर्जीवाड़े ने जनपद पंचायत के अधिकारियों और दस्तावेज परीक्षण टीम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




## कलेक्टर की कार्रवाई पर टिकी निगाहें

भव्य आयोजनों के नाम पर खेल मैदानों को बर्बाद करना और सरकारी खजाने से फर्जीवाड़े के जरिए लाभ लेना क्षेत्र में चर्चा का विषय है। अब देखना यह है कि मामला संज्ञान में आने के बाद जिले के संवेदनशील व भर्ष्टाचार पर कड़े कदम उठाने वाले कलेक्टर हरेंद्र नारायण सिंह इस पूरे प्रकरण पर क्या सख्त कदम उठाते हैं।

## 2025-26 में सम्पन्न हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह में भी ऐसा ही मामला सामने आया था

प्राप्त जानकारी अनुसार ऐसा ही एक मामला पिछले वर्ष हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में भी प्रकाश में आया था जिसमे घोड़ावाड़ी निवासी रेशमा का विवाह छिंदवाडा के चंचलेश से 18 जनवरी 2025 को ही सम्पन्न हो चुका था लेकिन फिर पुनः उक्त पूर्व से विवाहित जोड़े को 27 अप्रैल 2025 को सम्पन्न हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन में लाभ लेते देखा गया था उक्त अनुचित लाभ लेने वालों पर भी आज तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही ना किया जाना सीधे सीधे इस आयोजन में हो रही फर्जीवाड़े ओर उक्त फर्जीवाड़े में विभाग की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है.

## फर्जीवाड़े का नया प्रमाण: सोशल मीडिया पर निमंत्रण कार्ड हुआ वायरल

इस आयोजन की निष्पक्षता पर सबसे बड़ा सवाल एक वायरल निमंत्रण पत्र ने खड़ा कर दिया है। सामने आए निमंत्रण पत्र के अनुसार,बुर्रिकला निवासी वधु का विवाह करणपिपरिया निवासी वर के साथ पाणिग्रहण संस्कार 27 अप्रैल को ही सम्पन्न भी हो चुका था । ?प्राप्त जानकारी के अनुसार, युगल ने पहले ही अपने निज निवास पर विधिवत विवाह रचा लिया था व शासकीय अनुदान और लाभ पाने के लालच में इन्होंने 14 मई को पुनः सामूहिक विवाह में भाग लिया। लेकिन वंही स्थानीय जिम्मेदारों (आवेदन पत्र को स्वीकृती देने वालो ) द्वारा इस बात की जानकारी होने के बाद भी प्रशासन से छिपाकर शासन के साथ सीधे तौर पर धोखाधड़ी की है।

## आम जनता के चूल्हे ठंडे, वंही केटर्स द्वारा घेरलू सिलेण्डर का खुलेआम इस्तेमाल

जुन्नारदेव अनुभाग के बड़े अधिकारियो के उपस्थिति में उनके नाक के नीचे ही उक्त आयोजन के भोजन ठेकेदार केटर्स के द्वारा धड़ल्ले से हुए घेरलू गैस सिलेंडरों के इस्तेमाल के खुलासे ने क्षेत्र में चल रहे गैस के काले खेल को उजागर कर दिया है जंहा एक ओर जुन्नारदेव और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आम उपभोक्ताओं को एक सिलेंडर रीफिल कराने के लिए 45-45 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों के चक्कर काट-काटकर आम आदमी थक चुका है। जहां आम जनता के लिए स्टॉक नील बताया जाता है, वहीं भोजन ठेकेदार के पास बड़ी संख्या में घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल प्रशासन की नाकामी को उजागर कर रहा है। जनता अब सवाल पूछ रही है कि क्या वधु पक्ष के दस्तावेज परीक्षण करने वाले बुर्रिकला सरपंच, रोजगार सहायक ,सचिव, आंगनवाड़ी सहायिका ओर ग्राम कोटवार के साथ साथ मोहरिया निवासी वर पक्ष के दस्तावेज सत्यापन करने वाले सरपंच, रोजगार सहायक ,सचिव, आंगनवाड़ी सहायिका ओर ग्राम कोटवार और जनपद पंचायत के आला अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह संभव है ? आगे देखना होगा कि क्या इसकी जांच फाइलों भी अन्य फाइलों में दबेगी या दोषियों पर सख्त कार्यवाही होगी?

## स्टेडियम बना कचरा पात्र: खिलाड़ियों ने की श्रमदान

आयोजन के बाद मैदान की बदहाली ने प्रशासन की संवेदनशीलता की पोल खोल दी है। कन्हान स्टेडियम में रोजाना अभ्यास करने वाले सैकड़ों युवाओं और खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के बाद मैदान में जगह-जगह दोने-पत्तल और प्लास्टिक का कचरा छोड़ दिया गया। खेल प्रेमियों का कहना है कि मैदान की गंदगी के कारण अभ्यास करना तो दूर, पैर रखने की जगह भी नहीं बची थी। अंततः, प्रशासनिक उदासीनता को देखते हुए युवाओं ने खुद झाड़ू उठाई और श्रमदान कर मैदान को साफ किया।

## इनका कहना है ...

ग्राम बुर्रिकला के स्थानीय निवासी सरपंच,रोजगार सहायक,आंगनवाड़ी सहायिका ,कोटवार के द्वारा जोड़े के दस्तावेज सत्यापन उपरांत ही मेरे द्वारा आवेदन पर हस्ताक्षर किए गए थे हितग्राही के विषय मे सरपंच, रोजगार सहायक,आंगनवाड़ी ,कोटवार जैसे जिम्मेदार लोगों द्वारा चूक हुई है

**यक्षराज सहारे ,सचिव बुर्रिकला**

कन्यादान योजना में केटर्स द्वारा घेरलू सिलेंडर के इस्तेमाल के मामले में केटर्स को नोटिस जारी किया जा रहा है

**सुमित चौधरी,खाद्य आपूर्ति अधिकारीजुन्नारदेव**

इस विषय मे अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से उनका पक्ष जानने कॉल किया गया तो उनके द्वारा हमेशा की तरह कॉल नही उठाया गया.

# पाइपलाइन मरम्मत कार्य के चलते आज कई क्षेत्रों में जलापूर्ति रहेगी बाधित

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,31 मई. शहर में पाइपलाइन मरम्मत कार्य के कारण सोमवार को कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।**

नगर निगम की जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न जलप्रदाय लाइनों एवं टंकियों से जुड़े क्षेत्रों में एक दिन के लिए पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी ।जलप्रदाय शाखा के अनुसार शनिचरा बाजार टंकी से जुड़े गांधीगंज, लालबाग, चुनाभट्टी, बसंत कॉलोनी, बजरंग नगर, गणेश कॉलोनी, बाबन पटेल कॉलोनी, न्यू पंजाब लॉन क्षेत्र, काली मंदिर, धरम टेकड़ी, बैंक कॉलोनी, यादव कॉलोनी, शारदा कॉलोनी, शनिचरा बाजार क्षेत्र, डी-नेम वाली गली, जगन्नाथ स्कूल, रामबाग, मन मंदिर, नई आबादी, खुशी राजवाड़ा लॉन, जैन मंदिर क्षेत्र, पूजा शिवी रोड एवं सिवनी रोड क्षेत्र में जलापूर्ति बंद रहेगी।

इसी प्रकार 11 एमएलडी प्लांट (पाठाढाना-बोदरी नदी) से जुड़े वर्धमान सिटी के सामने, गनी नंबर-5, देवधाम, चंदन विहार, विनायक नगर, गोंडी मोहल्ला एवं भारत नगर क्षेत्र में भी पानी की आपूर्ति नहीं होगी ।डीडीसी लाइन से जुड़े विवेकानंद कॉलोनी, जज कॉलोनी के सामने का क्षेत्र, कोलाढाना, गुलमोहर कॉलोनी, चित्रकूट कॉम्प्लेक्स, सुभाष कॉलोनी, चूड़ी कंपाउंड, शांति कॉलोनी एवं काबरा कॉलोनी में भी जलप्रदाय प्रभावित रहेगा ।सब्जी मंडी डायरेक्ट सप्लाई लाइन से साउथ सिविल लाइंस, चौकसे कॉलोनी, पंचशील, गीता नगर, पत्रकार क्षेत्र तथा बस स्टैंड क्षेत्र में जलप्रदाय बंद रहेगा।



वहीं इमलीखेड़ा लाइन से जुड़े सर्रा एवं धनिया क्षेत्र में भी पानी की आपूर्ति नहीं होगी।

चंदनगांव पंचायत क्षेत्र के पुरानी बस्ती, चंदनगांव, 50 एएफ कॉलोनी, भरता देव रोड, आनंद लॉन तथा कृष्णा आईटीआई के आसपास के क्षेत्रों में भी जलापूर्ति बाधित रहेगी ।इसके अलावा छोटी बाजार टंकी से जुड़े मेन रोड छोटी बाजार, पाटनी धर्मशाला, राम मंदिर के पीछे का क्षेत्र, पुराना पावर हाउस क्षेत्र, शशि चौक, रघुवंशी मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, धीमरी मोहल्ला, मीरा पार्क के सामने, पातालेश्वर क्षेत्र, गीतांजलि कॉलोनी, त्रिलोकी नगर, चूड़ा बाबा मंदिर एवं जनता कॉलोनी में जलप्रदाय बंद रहेगा ।15 एमएलडी टंकी से जुड़े चंदनगांव हाउसिंग बोर्ड, साउथ सिविल लाइंस, देवरे कॉलोनी, राजनगर, गुरैया रोड तथा टीआईटी के पीछे के क्षेत्रों में भी जलापूर्ति प्रभावित रहेगी ।नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार पानी का संग्रह पूर्व में कर लें। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद जलापूर्ति पुनः सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

## नौकरी नहीं मिलने से युवक ने लगाई फांसी

**छिंदवाड़ा,31 मई .देहात थाना क्षेत्र के प्रियदर्शनी कालोनी के रहने वाले युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि चार पांच महीने पहले उसकी जॉब चली गई थी।**

जानकारी अनुसार आलोक उर्फ विजय सरेयाम पिता स्वं.गोदूलाल उम्र 30 साल प्रियदर्शनी कालोनी का रहने वाला है। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। वही अपनी मां के साथ रह रहा था। वह निजी कंपनी में जॉब करता था। चार पांच महीने जॉब छोड दिया था। दूसरे नौकरी के लिए वह प्रयास कर रहा था। उसे नौकरी नहीं मिली। जिसके चलते वह परेशान हो गया था। षनिवार की रात उसने मां के साथ खाना खाया। उसके बाद वह दोनों सोने चले गए। करीब दो से तीन बजे के आसपास उसकी मां उठी। उसने देखा कि दरवाजा खुला हुआ है। वह दरवाजा बंद करने गई। जैसे ही उसने कमरे में झांककर देखा, उसका बेटा फंदे पर लटका हुआ था। देखकर वह दंग रह गई। उसने तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पंचनाका कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# मेडिकल कॉलेज परिसर में योग, नुक्कड़ नाटक और प्रबोधन का आयोजन

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,31 मई. विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**


कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग एवं प्राणायाम सत्र से हुई, जिसमें उपस्थित योगाचार्य डॉ पवन नेमा ने श्रमिकों के साथ सहभागिता करते हुए स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली का संदेश दिया। इसके पश्चात किरदार संस्थान द्वारा तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में नाट्य निर्देशन डॉ पवन नेमा द्वारा किया गया जबकि सहयोगी के रूप में डॉ. रश्मि नेमा, ऋषभ स्थापक एवं प्रवीण बांधे सहित अन्य कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके पश्चात प्रबोधन के दौरान ऋषभ स्थापक ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों सहित अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रमिक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। निगमायुक्त के निर्देश पर नगर निगम अमले द्वारा सभी जोन मुख्यालय अंतर्गत राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से भी जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

# कार और बाइक की भिडंत एक मौत एक घायल

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,31 मई. सिंगोड़ी थाना क्षेत्र पेंच नदी के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक और कार के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर के बाद दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।**

उपचार के दौरान एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थावड़ी टेका निवासी 55 वर्षीय सुगनलाल डोलेकर और बबलू डोलेकर बाइक से छिंदवाड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सुगनलाल डोलेकर की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद नागपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी



मौत हो गई। वहीं घायल बबलू डोलेकर का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो कार गलत दिशा से आ रही थी, जिसके कारण हादसा हुआ। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

## आयुष विभाग ने तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों एवं नशा मुक्ति के बताए उपाय

**छिन्दवाड़ा**.विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयुष विभाग जिला छिंदवाड़ा द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों एवं नशा मुक्ति के आयुष आधारित उपायों के संबंध में जनजागरूकता संदेश जारी किया गया। आयुष विंग पंचकर्म थेरपी सेंटर जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन टेकरे ने बताया कि तंबाकू के धुएं और चबाने वाले तंबाकू में 7 हजार से अधिक रसायन पाए जाते हैं, जिनमें से 250 अत्यधिक जहरीले तथा 70 से अधिक कैंसर पैदा करने वाले तत्व होते हैं। उन्होंने बताया कि निकोटिन, टार, कार्बन मोनोऑक्साइड, आर्सेनिक, फॉर्मेल्डिहाइड और अमोनिया जैसे रसायन शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन के कुछ ही सेकंड बाद शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है, रक्तचाप और हृदय गति बढ़ जाती है तथा रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने लगती हैं। इसके साथ ही व्यक्ति को तंबाकू की लत और अधिक बढ़ने लगती है।

# जिले में शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा मोहर्रम का त्यौहार

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,31 मई. मोहर्रम का त्यौहार जिले में पूर्व परम्परा के अनुसार शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जाएगा। मोहर्रम का त्यौहार 16 जून 6 को चांद नज़र आने के बाद 17 जून बुधवार से 26 जून शुक्रवार तक मनाया जायेगा।**

मोहर्रम की पहली तारीख से दस तारीख तक विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जिले में मोहर्रम पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के लिये विगत दिवस कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में समिति के सभी सदस्यों से बारी-बारी से सुझाव लिये गये और सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय के उपरांत संबंधित अधिकारियों को तद्नुरूप आवश्यक कार्यवाही करते हुये समुचित व्यवस्थायें बनाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री नारायन और पुलिस विभाग ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि त्यौहार में पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जायेंगी और हर संभव सहयोग किया जाएगा।

साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, मार्गों को ठीक करने, मार्गों से अतिक्रमण हटाने, विद्युत के झूलते तारों को सही करने, ताजियों के विसर्जन स्थल बड़ा तालाब में पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, पंडाल, पानी, कुर्सी, एम्बुलेंस आदि व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें संबंधित विभागों के माध्यम से कराई जाएंगी। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

# होम डिलेवरी की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ता एजेंसी के लगा रहे चक्कर

## अभी लोगों को समस्या से नहीं मिल रही निजात, आए दिन हो रहे विवाद



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,31 मई. शहर में गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उपभोक्ताओं को अब भी गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गैस एजेंसियों ने अपने गोदामों से सीधे गैस वितरण बंद कर दिया है।**

विभाग की आंखों में धूल झोकने के लिए उनके वाहन शहर में लगभग दो दर्जन अलग-अलग स्थानों पर खड़े होकर गैस आपूर्ति कर रहे हैं। ऐसे उपभोक्ता, जिन्हें ओटीपी आने के बावजूद गैस नहीं मिल पा रही है, उन्हें इन वितरण वाहनों को ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। जब उपभोक्ता गैस एजेंसियों में फोन करते हैं, तो वहां के कर्मचारी उन्हें गैस सिलेंडर वाहन के किसी निश्चित स्थान पर खड़े होने की जानकारी देते हैं। वर्तमान में मोबाइल पर गैस सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज भी प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है, जिसका फायदा गैस एजेंसियां उठा रही है। गैस एजेंसी पहुंचने वाले कई उपभोक्ताओं के साथ कई तरह की समस्याएं है जिसका हल भी नहीं हो रहा है।

### ओटीपी के नाम पर चल रहा खेल

जिन उपभोक्ताओं को गैस नंबर लगने और ओटीपी आने के बाद भी 25 दिनों तक गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है, वे जब एजेंसी पहुंचते हैं, तो कर्मचारी उनका पुराना ओटीपी वाला नंबर लेकर उस मैसेज को हटा देते हैं। बुकिंग कैसिंल करने का हवाला देते है। इसके बाद तत्काल मोबाइल पर नया ओटीपी जनरेट कर उन्हें तुरंत गैस उपलब्ध कराने का दावा करते है। गैस उपभोक्ता रमेश कुमार ने बताया कि उनके साथ भी गैस बुकिंग रद्द होने तथा नई बुकिंग कर गैस सिलेंडर प्राप्त करने की बात सिलेंडर सप्लायर ने की थी। यह स्थिति इस सवाल को जन्म देती है कि क्या यह खेल एजेंसी संचालकों की जानकारी के बिना चल रहा है, या फिर यह सब उनके इशारे पर लगातार किया जा रहा है।

### ब्लैक में जारी है गैस सिलेंडर मिलना

शहर के होटल संचालक ने बताया कि उसे चार दिन में एक गैस सिलेंडर लगता है वह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करता है तथा उसे वह 1500 रुपए में मिल जाता है। इससे यह तो साफ है कि गैस सिलेंडर की काला बाजारी लगातार जारी है और वह गैस एजेंसी संचालकों व उनके कर्मचारियों की मिली भगत से हो रही है। गैस एजेंसी पहुंचने वाले कई उपभोक्ताओं के साथ कई तरह की समस्याएं है जिसका हल भी नहीं हो रहा है।

### इनका कहना है...

गैस एजेंसियां गैस की होम डिलेवरी कर रही है अगर किसी उपभोक्ता को गैस वितरण से संबंधित समस्या है तो वह विभाग को शिकायत कर सकता है। बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**राघवेंद्र लिल्हारे, सहायक आपूर्ति अधिकारी, छिंदवाड़ा**


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU / M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths / B.Sc. Biology
B.Com. Honours / M.Com.
B.A. Honours / B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589